प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
**Department of Communication**, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

24 जून 2022

## वर्ष 2021-22 के दौरान निजी कॉर्पोरेट कारोबार क्षेत्र का कार्यनिष्पादन

आज रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2021-22 के दौरान निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र के कार्यनिष्पादन से संबंधित आंकड़े जारी किए जो 3,166 सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों (एनजीएनएफ) के संक्षिप्त वित्तीय परिणामों से लिए गए हैं। वर्ष 2020-21 के संबंधित आंकड़े भी तुलना करने के लिए सारणियों में प्रस्तुत किए गए हैं। इन आंकड़ों को https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics#!2_42 पर प्राप्त किया जा सकता है।

### विशेष

### बिक्री

- कोविड-19 महामारी के प्रभाव कम होने और आर्थिक गतिविधियों में बहाली, विशेष रूप से वर्ष की दूसरी छमाही में, होने के कारण निजी कॉर्पोरेट बिक्री और लाभप्रदता में वर्ष 2021-22 के दौरान मजबूत वृद्धि दर्ज की गई (सारणी 1 ए)।
- वर्ष 2021-22 के दौरान 1,865 सूचीबद्ध निजी विनिर्माण कंपनियों की बिक्री में व्यापक आधार पर बहाली देखी गई और पिछले वर्ष में 2.8 प्रतिशत के संकुचन की तुलना में 36.7 प्रतिशत वृद्धि हुई; मात्रा और मूल्य दोनों घटकों ने उच्च संवृद्धि में योगदान दिया और इसे अनुकूल आधार प्रभावों द्वारा भी मदद मिली (सारणी 2ए और 5ए)।
- सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों ने भी अपने कार्यनिष्पादन में सुधार किया और उनकी बिक्री संवृद्धि पिछले वर्ष के 4.4 प्रतिशत से बढ़कर 19.8 प्रतिशत हो गई (सारणी 2ए)।
- गैर-आईटी सेवा क्षेत्र की बिक्री में वर्ष 2021-22 में व्यापक आधार पर बहाली हुई, जिसमें पिछले वर्ष में 14.6 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले 27.2 प्रतिशत वार्षिक बृद्धि दर्ज की गई (सारणी 2ए और सारणी 5ए)।

### *व्यय*

- उत्पादन और बिक्री में वृद्धि के साथ, विनिर्माण कंपनियों के कच्चे माल पर व्यय में वर्ष के दौरान 48.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उनकी कुल बिक्री के इस भाग में वृद्धि हुई (सारणी 2ए और 2बी)।
- विनिर्माण और गैर-आईटी क्षेत्र के विपरीत, जिसने पिछले वर्ष में बिक्री और कर्मचारियों की लागत में महामारी के कारण हुए संकुचन से वर्ष 2021-22 के दौरान बदलाव देखा, आईटी क्षेत्र ने महामारी की लगातार लहरों का सामना किया और इन दोनो मानदंडों में निरंतर वृद्धि दर्ज की। (सारणी 2ए)।

### ब्याज

- वर्ष के दौरान विनिर्माण और आईटी कंपनियों के लिए ब्याज लागत में कमी आई (सारणी 2ए)।

- कम ब्याज खर्च और लाभ में वृद्धि के कारण विनिर्माण कंपनियों का ब्याज कवरेज अनुपात (आईसीआर)[1] वर्ष 2021-22 में पिछले वर्ष के 5.0 से बढ़कर 8.4 हो गया; गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए आईसीआर यूनिटी से नीचे बना रहा (सारणी 2बी)।

*लाभ*

- इनपुट लागत दबावों के बावजूद, वर्ष 2021-22 के दौरान विनिर्माण कंपनियों के निवल लाभ में 50.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई और आईटी कंपनियों के निवल लाभ में भी वृद्धि हुई, जबकि गैर-आईटी सेवा क्षेत्र में समग्र स्तर पर घाटा जारी रहा (सारणी 2ए)।
- तीनों क्षेत्रों के लिए परिचालन लाभ मार्जिन बेहतर रहा (सारणी 2बी)।
- विनिर्माण और आईटी कंपनियों के लिए निवल लाभ मार्जिन स्थिर रहा, जबकि गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए यह नकारात्मक रहा (सारणी 2बी)।

**सारणियों की सूची**

| सारणी सं. | | शीर्षक | |
|---|---|---|---|
| 1 | ए | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 2 | ए | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन – क्षेत्र-वार | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 3 | ए | चुकता पूंजी के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 4 | ए | बिक्री के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 5 | ए | उद्योग के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| व्याख्यात्मक टिप्पणियां | | | |
| शब्दावली | | | |

**टिप्पणी:**

- आंकड़ों के संकलन के लिए अपनाई जाने वाली कार्यप्रणाली वाले व्याख्यात्मक नोट्स, और शब्दावली (संशोधित परिभाषाओं और गणनाओं सहित जो पिछली रिलीज से भिन्न हैं) अंत में दिए गए हैं।

**रूपांबरा**
निदेशक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/421**

---

[1] आईसीआर (अर्थात, ब्याज और कर से पहले की आय का ब्याज व्यय का अनुपात) एक कंपनी की ऋण सेवा क्षमता का एक उपाय है। व्यवहार्य आईसीआर के लिए न्यूनतम मूल्य 1 है।